तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 15 जनवरी 2024

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]


3 शहर के सौंदर्यीकृत तालाबों की सूरत बिगाड़ रहे असामाजिक तत्व



## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी आज ग्राम खाला में पीवीटीजी ग्रामीणों से करेंगे बात

**अंबिकापुर।** जनजाति कार्य मंत्रालय द्वारा देश के पीवीटीजी समुदायों के 100 जिलों में प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जनमन) के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 15 जनवरी को वर्चुअल माध्यम से पीएम जनमन के लाभार्थियों के साथ बातचीत करेंगे। जिले के विकासखण्ड अम्बिकापुर के ग्राम खाला में पीएम जनमन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन 15 जनवरी सोमवार को दोपहर 11.30 बजे से होगा जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कृषि मंत्री रामविचार नेताम उपस्थित होंगे। इसके साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक राजेश अग्रवाल, विधायक प्रबोध मिंज, विधायक राम कुमार टोप्पो विशिष्ट अतिथि होंगे।

### धान खरीदी एवं कस्टम मिलिंग को लेकर संभागायुक्त की बैठक 18 को

**अंबिकापुर।** धान उठाव एवं कस्टम मीलिंग के महत्वपूर्ण मुद्दों पर 18 जनवरी को अपरान्ह 3.30 बजे वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से संभागायुक्त जीआर चुरेन्द्र संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर की बैठक लेकर समीक्षा करेंगे। बैठक में एजेंडा अनुसार खरीदी केन्द्रो में शेष दिनों में धान आवक की स्थिति, खरीदी केंद्रों से धान का उठाव, अवैध धान आवक पर निगरानी जिसमें सीमावर्ती राज्यों एवं कोचियों-बिचौलियों के माध्यम से, खरीदी केंद्रों का साप्ताहिक भौतिक सत्यापन-धान एवं बारदाना स्टॉक, धान विक्रय करने वाले किसानों द्वारा रकबा समर्पण की स्थिति, बारदाना की उपलब्धता की स्थिति, नागरिक आपूर्ति निगम एवं भारतीय खाद्य निगम में कस्टम मिलिंग चावल जमा की प्रगति, जिले में कृषि उपज मंडी समितियों की व्यवस्था को बेहतर बनाने के संबंध में चर्चा की जाएगी। उन्होंने सभी को संबंधित विभागों के अधिकारियों सहित निर्धारित तिथि एवं समय पर एनआईसी कक्ष से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित होने कहा है।

### महोत्सव के दौरान एनएच 343 पर किया मार्ग परिवर्तित

**अंबिकापुर।** तातापानी में मकर संक्रांति के अवसर पर 16 जनवरी तक आयोजित महोत्सव के दौरान होने वाली भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए है। आवागमन व सुरक्षा की दृष्टि से एसपी डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर कानून सुरक्षा, व्यवस्था हेतु पुलिस बल तैनात किया गया है तथा आम जनता, श्रद्धालु के सुगम एवं निर्बाध आवागमन हेतु सुविधा अनुसार वीआईपी पार्किंग आम जनता पार्किंग प्वाइंट एवं डायवर्सन की व्यवस्था की गई है। मुख्य मार्ग एन एच 343 में बलरामपुर से रामानुजगंज की ओर जाने हेतु ग्राम तातापानी के लुरघुट्टा चौक से धान मंडी तक डायवर्सन की व्यवस्था किया गया है। इसी प्रकार आम जनता व श्रद्धालु जनों हेतु पार्किंग पॉइंट लुरघुटा चौक के पास, पावर हाउस के पास, धान मंडी, किरण वस्त्रालय के पास सुनिश्चित है।

## मकर संक्रांति के अवसर पर तातापानी महोत्सव में शामिल हुए सीएम

# डबल इंजन की सरकार से विकास कार्यों को मिलेगी गति, मोदी की गारंटी के वादे होंगे पूरे : विष्णुदेव



महोत्सव का उद्घाटन करते सीएम व केबिनेट मंत्री।



मकरसंक्राति पर पतंग उड़ाते सीएम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर/रामानुजगंज

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि सरगुजा की जनता ने पीएम नरेंद्र मोदी की गारंटी पर भरोसा किया। हम आपके भरोसे पर खरा उतरेंगे। पिछले पांच सालों में छत्तीसगढ़ का जो विकास रूक गया था वह अब तेजी से होगा और मोदी की गारंटी के अनुरूप सभी वादे पूरे होंगे व क्षेत्र की जो भी मांगे है उन्हें हम पूरा करेंगे। डबल इंजन की सरकार में विकास कार्यों को गति मिलेगी। सीएम श्री साय आज मकर संक्रांति एक अवसर पर तातापानी में आयोजित महोत्सव के उद्धघाटन समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। इस दौरान सीएम ने कहा कि तातापानी की धरती बहुत ही पवित्र है और यह धरती राम कथा से जुड़ी है। तातापानी महोत्सव की शुरुआत हमारी ही सरकार ने की थी और हर साल यह महोत्सव भव्य रूप लेता जा रहा है। सीएम ने तातापानी को पर्यटन स्थल घोषित करने के साथ ही कहा कि यहां पर्यटन विभाग द्वारा मोटल का निर्माण किया जाएगा। तातापानी क्षेत्र के विकास के लिए आने वाले समय में मास्टर प्लान भी तैयार किया जाएगा। सीएम श्री साय ने कहा कि तातापानी का संबंध माता सीता से है। यह हम लोगों के लिए बहुत खुशी की बात है कि 22 जनवरी को अयोध्या में भव्य राम मंदिर में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। हमें इस महत्वपूर्ण आयोजन को देखते हुए पूरा माहौल राममय कर देना है। हर जगह भजन-कीर्तन आदि माध्यमों से पूरा माहौल भक्तिमय करना है। इसके साथ ही सीएम ने रघुनाथनगर में महाविद्यालय व डीपाडीह कला में नवीन पुलिस चौकी की घोषणा की। प्रदेश के संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि तातापानी में भगवान राम-सीता जी के पवित्र चरण पड़े। हमारा सौभाग्य है कि हमने ही 2012 में तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के समय में तातापानी महोत्सव की शुरूआत की थी। हमारी आस्था के केंद्रों के विकास का काम मोदी जी के नेतृत्व में हो रहा है। प्रभु राम 22 तारीख को आ रहे हैं। उनके आगमन की भव्य तैयारी करनी है। तातापानी के राम कथा से संबंधित महात्म्य के बारे में तथा यहां के जल के बारे में बताते हुए श्री अग्रवाल ने कहा कि ऐसी पवित्र जगह पर 400 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंध रहे हैं उन्हें भी मैं शुभकामनाएं देता हूँ। कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि तातापानी का पर्यटन स्थल के रूप में इस तरह से विकास करना है कि पूरे देश के नक्शे में इसका नाम आ जाये। उन्होंने इसके विकास की संक्षिप्त रूपरेखा भी बताई। बता दें कि तातापानी का तीन दिवसीय महोत्सव 14 से 16 जनवरी तक चलेगा। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार संजीव गोंड, प्रतापपुर विधायक श्रीमती शकुंतला पोर्ते, सामरी विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा, जिला पंचायत अध्यक्ष सुश्री निशा नेताम, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि, संभाग आयुक्त जीआर चुरेंद्र, आईजी अंकित गर्ग, सीसीएफ नवीद सुजाउद्दीन, कलेक्टर रिमिजियुस एक्का, एसपी डॉ. लाल उमेद सिंह, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रेना जमील सहित जनप्रतिनिधि-अधिकारी व बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

**खास बात**

- तातापानी को किया पर्यटन स्थल घोषित, विकास के लिए बनेगा मास्टर प्लान



### तपेश्वर महादेव मंदिर में की पूजा अर्चना

आज मकर संक्रांति के अवसर पर तातापानी महोत्सव में शामिल हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कैबिनेट मंत्रियों व विधायकों के साथ तपेश्वर महादेव मंदिर में पूजा- अर्चना कर प्रदेशवासियों की समृद्धि और खुशहाली का आशीर्वाद मांगा। उन्होंने तपेश्वर महादेव पर जल का अर्घ्य देकर तपेश्वर महादेव के विशाल प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इसके साथ ही सीएम ने विशाल शिव प्रतिमा का अवलोकन किया।



### सीएम ने की पतंग बाजी, चारपाई पर बैठकर खाया तिलकुट

तीन दिवसीय तातापानी महोत्सव के उद्घाटन समारोह में शामिल होने पहुंचे सीएम श्री साय ने आज पहले दिन स्वामी आत्मानन्द एवं जवाहर नवोदय स्कूल के बच्चों के साथ चकरी एवं मांझा थाम कर पतंगबाजी का आनंद लिया। सीएम के साथ ही मंत्री बृजमोहन अग्रवाल व राम विचार नेताम ने जमकर पतंगबाजी की। इसके साथ ही सीएम ने मंदिर प्रांगण में चारपाई पर बैठकर तिलकुट और तिल के लड्डू का लुत्फ उठाया। ऐसी मान्यता है कि मकर संक्रांति के दिन स्नान, दान के साथ तिल के लड्डू को खाया जाता है।

### 400 जोड़े बंधे दाम्पत्य सूत्र में, सीएम ने दिया आशीर्वाद

तातापानी महोत्सव के दौरान आज 400 नव युगल मुख्यमंत्री कन्या सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत परिणय सूत्र में बंधे। कार्यक्रम स्थल पर मुख्यमंत्री श्री साय का स्वागत पगड़ी पहनाकर किया गया। इस अवसर पर सीएम ने नवदंपतियों को जीवन में नए पड़ाव के लिए शुभकामनाएं दी। सीएम व कैबिनेट मंत्रियों, विधायकों की मौजूदगी में सामाजिक रीति रिवाज के साथ विवाह कराया गया। समारोह के दौरान 19 जोड़े का विवाह ईसाई रीति, 1 मुस्लिम रीति एवं शेष जोड़ियों का विवाह हिंदू रीति रिवाज से सम्पन्न किया गया। इन जोड़ियों में 7 जोड़ियो विशेष पिछड़ी जनजाति (पहाड़ी कोरवा) के साथ 3 दिव्यांग जोड़ी भी शामिल है। मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा नव विवाहित जोड़ों को घरेलू सामग्री, प्रति जोड़ा 21-21 हजार का डेमो चेक प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री ने पहाड़ी कोरवा समुदाय के जोड़े रंजीता और दिनेश्वर, शांति और लाबूड़, लक्ष्मी और बसंत, रजनी और सोहन, सुभंति और छोटन राम से मिलकर उन्हें आशीर्वाद दिया। शंकरगढ़ के दिव्यांग जोड़े रुक्मणि और प्रकाश को मुख्यमंत्री द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से 21 हजार के डेमो चेक के साथ दिव्यांग होने के नाते समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रदत्त 50 हजार का चेक भी प्रदान किया गया।

# रंग बिरंगी पतंगों से सजा आसमान युवाओं के बीच हुई प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मकर संक्रांति के अवसर पर रविवार को शहर में पतंग उत्सव व प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जिले भर से युवाओं ने पतंगबाजी में हिस्सा लिया। इसके साथ ही प्रतियोगता में विदेशों से मंगवाए गए बड़े आकर के पतंग आकर्षण का केंद्र रहे। बता दें कि सरगुजा सेवा समिति द्वारा मकर संक्रांति के अवसर पर पतंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शहर के गांधी स्टेडियम के आयोजित प्रतियोगिता के दौरान बड़ी संख्या में बच्चों व युवाओं ने पतंग बाजी में हिस्सा लिया और एक दूसरे के पतंग काटे। प्रतियोगिता को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला और आसमान भी रंग बिरंगे पतंगों से सज गया। प्रतियोगिता के दौरान निर्धारित समय पर टीमों को पतंग उड़ाने का मौका दिया। वहीं प्रतियोगिता में दुबई व इंडोनेशिया से आए पतंग आकर्षण का केंद्र रहे। इंडोनेशिया से मंगाए गए बाज की आकृति वाले पतंग तो वहीं दूसरी तरफ रंग बिरंगी लंबी पूछ वाली दुबई की पतंग के साथ प्रतियोगिता में पहुंचे काफी लोगों ने फोटो भी खिंचवाई। फैंसी पतंग प्रतियोगिता में भाग लेने पहुंचे शहर के मुकेश अग्रवाल ने बताया कि उनके पास फैंसी पतंग का विशाल संग्रह है, इंडोनेशिया दुबई सहित कई जगह से उनके द्वारा फैंसी पतंग लाई गई है। प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को समिति द्वारा सम्मानित किया गया।

- दुबई व इंडोनेशिया के पतंग रहे आकर्षण का केंद्र



पतंगबाजी में शामिल बच्चे।

### मकर संक्रांति पर विशाल भंडारे का आयोजन

विधायक मकर संक्रांति के अवसर पर विधायक राजेश अग्रवाल के निवास पर विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। विगत 35 वर्षों से विधायक के परिवार के सदस्य मकर संक्रांति के दिन भंडारा करा रहे हैं। विधायक के बड़े भाई विजय अग्रवाल ने बताया कि हर साल होने वाले आयोजन से हमें संतुष्टि मिलती है।

### राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का उद्घाटन आज

**अंबिकापुर।** सरगुजा पुलिस व यातायात विभाग द्वारा सोमवार से 34 वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2024 से शुभारंभ किया जाएगा। पथ सुरक्षा जीवन रक्षा अभियान के अंतर्गत सड़क सुरक्षा माह 15 जनवरी से 15 फरवरी तक चलेगा। सड़क सुरक्षा माह का उद्घाटन एसपी सुनील शर्मा व अन्य जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों की मौजूदगी में घड़ी चौक स्थित यातायात कार्यालय के समक्ष किया जाएगा। इस दौरान पुलिस विभाग द्वारा लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के साथ ही अन्य गतिविधियों का संचालन किया जाएगा।

## मिक्चर मशीन लोड ट्रक ने ट्रैक्टर को मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मिक्चर मशीन लोड ट्रक के चालक ने ईंट लोड ट्रैक्टर को टक्कर मार दिया। ट्रक की टक्कर से ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे पलट गया जबकि ट्रक भी उस ट्रैक्टर के ऊपर पलट गया। इस घटना में ट्रैक्टर टुकड़ों में बंट गया है। इस हादसे में ट्रैक्टर चालक व अन्य ग्रामीणों को चोट आई है जिन्हे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ग्रामीणों ने ट्रक चालक पर जानबूझकर टक्कर मारने का आरोप लगाया है। ट्रैक्टर चालक बहादुर, मजदूर रंजन, राम साय व हीरासाय के साथ ईंट लोडकर बेलढाब से बासेन की ओर जा रहा था। इस दौरान बासेन पुलिया के समीप पीछे से आ रहे मिक्चर मशीन लोड ट्रक के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ट्रैक्टर को पीछे से टक्कर मार दिया। टक्कर के बाद चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और ट्रैक्टर पुलिया से नीचे गिर गया जबकि टक्कर के बाद ट्रक भी पुलिया से नीचे पलट गया। ट्रक दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर पर गिरा जिसके बाद ट्रैक्टर तीन टुकड़ों में बंट गया। इस घटना में चालक व मजदूरों को चोट आई है जिन्हे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि ट्रक चालक ने जानबूझकर ट्रैक्टर को टक्कर मारी और दुर्घटना के बाद ट्रक चालक दूसरे युवकों के साथ बाइक पर बैठकर भाग गया।



## मोबाइल दुकान में चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** गांधीनगर पुलिस ने मोबाइल दुकान में चोरी करने के मामले में पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी का सामान बरामद किया है। पुलिस के अनुसार थाना अंतर्गत फुंदुरडिहारी शांतिपारा निवासी 23 वर्षीय विकास विश्वकर्मा आ. सुनील विश्वकर्मा की बनारस रोड में चठिरमा बैरियर के पास मोबाइल दुकान है। युवक 11 जनवरी की शाम दुकान बंद कर घर चला गया था और अगली सुबह जब वह दुकान पहुंचा तो दुकान के ऊपर का शीट टूटा हुआ था और दुकान से मोबाइल एसेसरीज स्पीकर, नेकबैंड, इयरफोन, चार्जर सहित अन्य बनने आए हुए मोबाइल समेत 15 हजार का सामान गायब था। युवक ने मामले की शिकायत पुलिस से की थी। मामले में एसपी सुनील शर्मा के निर्देश पर एएसपी पुपलेश कुमार, सीएसपी स्मृतिक राजनाला के नेतृत्व में आरोपियों की तलाश की जा रही थी। जांच के दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर चोरी का सामान बेचने की फिराक में घूम रहे युवक को डिगमा में घेराबंदी कर पकड़ा गया। आपके गए युवक की पहचान जयनगर भोटकेला निवासी 39 वर्षीय विनोद अगरिया आ. इतबल राम के रूप में की गई। आरोपी ने पूछताछ के दौरान बताया कि वह वर्तमान में डिगमा में रहता है और अपने साथी अजय अगरिया के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया है। पुलिस ने मामले में बढ़नीझरिया अगरियापारा निवासी 21 वर्षीय अजय अगरिया आ. छत्रपाल अगरिया को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने भी अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपियों से मोबाइल एसेसरीज, स्पीकर, नेकबैंड, इयरफोन, चार्जर सहित अन्य बनने आए हुए मोबाइल को बरामद करने के साथ ही दोनों को धारा 457, 380 के तहत गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी जॉन प्रदीप लकड़ा, सउनि अनिल पाण्डेय, विनय सिंह, आरक्षक उमाशंकर साहू, देवेंद्र पाठक, अनिल सिंह, पवन यादव, अरविन्द उपाध्याय, ऋषभ सिंह सक्रिय रहे।

- आरोपियों से चोरी का सामान बरामद

### जांच के दौरान गायब था धान, मिलर नहीं दे पाया जवाब, जब्त किया गया 3385 क्विंटल चावल व 1152 क्विंटल धान

# मिलर ने की 1.59 करोड़ के 9522 क्विंटल धान की हेराफेरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राइस मिल की आड़ में सरगुजा में शासकीय धान की कालाबाजारी का मामला सामने आया है। राइस मिलर ने कस्टम मिलिंग के लिए उठाए हुए डेढ़ करोड़ से अधिक के धान का गबन कर दिया। इस मामले का खुलासा प्रशासन की छापामार कार्रवाई से हुआ है। बड़ी बात यह है कि इससे पहले भी एक राइस मिल में धान की अफरा तफरी के मामले में छापेमारी की गई थी और राइस मिल से लाखों रुपए का धान गायब मिला था। वहीं अब इस मामले में पुलिस ने राइस मिलर पर कार्रवाई करते हुए 1.58 करोड़ रुपए का 3385 क्विंटल चावल व 1152 क्विंटल धान जब्त कर लिया है। इसके साथ ही प्रशासन द्वारा मामले की जांच की जा रही है। बता दें कि धान खरीदी के दौरान कोचिए अवैध रूप से अपना धान खपाने का लगातार प्रयास कर रहे है। अवैध धान को खपने से रोकने के लिए जिले की समितियों में कड़ाई की गई है और बड़े पैमाने पर अवैध धान जब्त भी किया गया है। यही वजह है कि अब कोचिए राइस मिलकर के साथ मिलकर धान की हेराफेरी करने में जुट गए है। ऐसे ही एक मामले का खुलासा शनिवार की देर रात प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई से हुआ है। कलेक्टर भोस्कर विलास संदिपान के निर्देश पर बीती रात खाद्य विभाग, मंडी व स्टेट वेयरहाउसिंग की टीम ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर लुंड्रा विकासखंड के ग्राम पंचायत चोरकीडीह स्थित मेसर्स बनभौरी राइस इंडस्ट्रीज में छापामार कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान यह बात सामने आई कि मिलर द्वारा कस्टम मिलिंग के लिए 17 हजार 20 क्विंटल धान का उठाव किया गया था लेकिन मिलिंग के बाद उसके द्वारा महज 867 क्विंटल ही चावल जमा किया गया। भौतिक सत्यापन के दौरान शेष 9 हजार 522 क्विंटल धान कम पाया गया। राइस मिलर के पास से गायब हुए धान की कीमत अधिकारियों द्वारा 1 करोड़ 59 लाख रुपए आंकी गई है। हालांकि जांच के दौरान इस बात का पता नहीं चल सका है कि मिलर ने इतनी बड़ी मात्रा में धान की हेराफेरी किसके साथ मिल कर की है लेकिन संभावना जताई जा रही है उसके द्वारा कोचियों के साथ मिलकर धान को बेच दिया गया। धान की हेराफेरी के मामले में कार्रवाई करते हुए टीम ने मिलर के पास से 1 करोड़ 59 लाख रुपए के धान की रिकवरी के लिए उसके पास पहले से स्टॉक 3385 क्विंटल चावल व 1152 क्विंटल धान को जब्त किया गया है। विदित हो कि जिले में इसके पूर्व भी शहर से लगे भिट्ठिकला स्थित मां शीतला राइस मिल से भी डेढ़ सौ क्विंटल धान गायब होने का मामला सामने आ चुका है। ऐसे में स्पष्ट है कि मिलर कस्टम मिलिंग के नाम पर जमकर धान की हेराफेरी कर करोड़ो का मुनाफा कमा रहे है। जिला खाद्य अधिकारी रविन्द सोनी ने बताया कि मिलर पर छत्तीसगढ़ कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन आदेश 2016 एवं आवश्य्क वस्तु अधिनियम 1955 के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई में जिला विपणन अधिकारी अरुण विश्वकर्मा, सहायक खाद्य अधिकारी रोशन गुप्ता, स्टेट वेयर हाउसिंग के नोडल अधिकारी संदीप गुप्ता समेत अन्य मौजूद थे।



# जिले में 27.83 लाख रुपए का धान मिलर व कोचियों से जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

जिले में धान खरीदी के साथ ही बिचौलियों व अफरा तफरी करने वाले राइस मिलर पर कार्रवाई का सिलसिला जारी है। प्रशासनिक टीम द्वारा पुनः कार्रवाई करते हुए 1274 क्विंटल धान जब्त किया है जिसकी कीमत 27.83 लाख रुपए आंकी गई है। कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देश पर खाद्य विभाग एवं मंडी की संयुक्त टीम द्वारा शनिवार शाम तक मंडी अधिनियम के तहत 1274 क्विंटल धान की जब्ती की गयी है। टीम द्वारा थोक व्यापारी पूनम चंद कोयल के यहां 26 क्विंटल, सुशील कुमार अग्रवाल के यहां 21 क्विंटल, ओम राईस प्रोडक्ट्स में 240 क्विंटल, जिंदल एग्रो प्रोडक्ट में 224 क्विंटल, कृष्णा एग्रो प्रोडक्ट्स 280 क्विंटल एवं एग्रो राइस मिल में 483 क्विंटल के धान की जब्ती की गई। प्रशासन की कार्रवाई से धान की अवैध खरीदी बिक्री करने वाले कोचिये व बिचौलियों में हड़कंप मचा हुआ है। जिला प्रशासन द्वारा अवैध धान के परिवहन और अफरा-तफरी करने वाले कोचिये व बिचौलियों पर सख्ती करने के साथ ही जिले के सभी धान खरीदी केंद्रों में लगातार कड़ी मॉनिटरिंग करने के लिए सभी जिला नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर निर्देश दिया गया है।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## पैरासाइट' निर्देशक बोंग ने क्यून की मौत की जांच की आवाज उठाई



**सियोल।** दक्षिण कोरियाई अभिनेता ली सुन क्यून की मौत को लेकर विवाद गहराता ही जा रहा है, बीते साल 27 दिसंबर को अभिनेता अपनी कार में मृत पाए गए थे। वे 48 साल के थे, फिल्म पैरासाइट में अपने अभिनय से ली सुन क्यून ने दुनियाभर में अपनी पहचान बनाई थी। इसके लिए उन्हें ऑस्कर अवॉर्ड भी मिला था। अब जाने-माने निर्देशक बोंग जून-हो ने अन्य कलाकारों के साथ 'पैरासाइट' अभिनेता की मौत की गहन जांच का आग्रह किया है। वहीं, कलाकारों ने मीडिया द्वारा ली के निजी जीवन के सनसनीखेज पहलुओं पर भी चिंता जताई है। 27 दिसंबर को ली सुन क्यून अपनी कार में मृत पाए गए थे, जिसे आत्महत्या माना गया। पुलिस की जांच में अभिनेता के नशीली दवाओं के उपयोग की बात सामने आई थी। एक राष्ट्रीय समाचार चैनल के कॉन्फ्रेंस में ऑस्कर विजेता अभिनेता के साथी कलाकार, जिनमें किम यूई-सुंग समेत अन्य लोग शामिल थे, उन्होंने पुलिस द्वारा बार-बार पूछताछ के लिए बुलाने को लेकर भी सवाल उठाए हैं। इसके साथ ही मीडिया में जांच से संबंधित विवरण के लीक पर भी उन्होंने सवाल खड़े किए हैं। निर्देशक बोंग जून-ने अपने बयान में कहा कि हम संबंधित अधिकारियों से पूरी तरह से गहन जांच करने का आग्रह करते हैं कि क्या पुलिस को जांच में सूचना की सुरक्षा को लेकर कोई समस्या थी। उन्होंने नशीली दवाओं के आरोप में ली के निजी जीवन के पहलुओं को मीडिया द्वारा सनसनीखेज बनाने के बारे में भी आशंका व्यक्त की। निर्देशक ने कहा कि ली को अपने निधन से पहले गहन जांच और चरित्र हनन का सामना करना पड़ा था, जिससे कलाकारों को सुरक्षात्मक कानूनी उपायों की आवश्यकता पर जोर देना पड़ा।

### टालीवुड

## 'केएच-237'से निर्देशन की पारी शुरू करेंगे अंबरीव, कमल ने की घोषणा



**चेन्नई।** तमिल सुपरस्टार कमल हसन अपनी अदाकारी से लाखों फैंस के दिलों पर राज करते हैं। साउथ ही नहीं, बल्कि उत्तर भारत में उनकी फिल्में काफी ज्यादा पसंद की जाती है। विक्रम के सुपरहिट होने के बाद अब उनके प्रशंसकों को अभिनेता की आगामी फिल्मों का बेसब्री से इंतजार है। इस बीच सुपरस्टार ने शुक्रवार को एक नई फिल्म की घोषणा कर लोगों को बड़ा तोहफा दिया है। अभिनेता ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इस फिल्म का एलान किया है। इसका निर्देशन मशहूर स्टंट कोरियोग्राफर्स अनबरीव करेंगे। फिल्म का नाम अस्थायी रूप से केएच 237 रखा गया है। कमल हासन ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, "केएच237 के लिए निर्देशक के रूप में दो पहले से सिद्ध प्रतिभाओं को उनके नए अवतार में लाने पर गर्व है। मास्टर्स अंबरीव...राज कमल फिल्म्स इंटरनेशनल में आपका फिर से स्वागत है।"आगामी फिल्म अंबुमणि और अरिवुमणि के निर्देशन की पहली फिल्म है, जिन्हें अंबरीव के नाम से जाना जाता है। मेकर्स की ओर से साझा किए केएच 237 अनाउंसमेंट टीजर ने फैंस की उत्सुकता बढ़ा दी है। इसे देखकर कहा जा सकता है कि फिल्म में अभिनेता अलग अंदाज में नजर आने वाले हैं। इस अप्रत्याशित घोषणा के बाद प्रशंसक हैरान रह गए। सोशल मीडिया वे इस टीजर को लेकर जमकर टिप्पणी करते नजर आए। एक यूजर ने उत्साह व्यक्त करते हुए लिखा, ₹एक बड़ी एक्शन फिल्म की उम्मीद है।₹ एक अन्य ने टिप्पणी की, ₹वास्तविक एक्शन में इन्हें महारत हासिल है। कमल हसन और महेंद्रन द्वारा निर्मित केएच 237 अगले साल यानी 2025 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अभिनेता के अपकमिंग प्रोजेक्ट की बात करें तो इस साल उनकी इंडियन 2 की रिलीज होगी। इसके अलावा वे ठग लाइफ की शूटिंग के लिए तैयारी कर रहे हैं, जिसका निर्देशन मणिरत्नम करेंगे। वे नाग अश्विन की कल्कि 2898 एडी में भी नजर आएंगे। प्रभास, दीपिका पादुकोण, अमिताभ बच्चन और दिशा पटानी अभिनीत यह फिल्म मई में रिलीज होगी।

### भोजपुरी

## रवि किशन की 'महादेव का गोरखपुर' दमदार टीजर लॉन्च



**मुंबई।** अभिनेता और सांसद रवि किशन की फिल्म 'महादेव का गोरखपुर' का टीजर शुक्रवार की शाम को फिल्म के मेकर्स ने यूट्यूब चैनल पर लॉन्च किया। फिल्म के टीजर में रवि किशन का जबरदस्त अवतार नजर आ रहा है। यह फिल्म हिंदी, भोजपुरी,तेलुगू, तमिल और कन्नड़ भाषा में एक साथ रिलीज होगी। फिल्म 'महादेव का गोरखपुर' के टीजर में अभिनेता रवि किशन के दो लुक नजर आ रहे हैं। एक लुक में वह रौद्र रूप में महादेव के अंश के रूप में, तो दूसरे लुक में पुलिस अधिकारी की भूमिका में नजर आ रहे हैं। फिल्म का टीजर देखने से पता चलता है कि इस फिल्म में दो कालखंड की कहानी दिखाई गई है। फिल्म के टीजर में साल 1727 की घटना का जिक्र किया गया है, जिसमें मुजफ्फर खान के हमले का जिक्र है। टीजर में बताया गया है कि इस संसार में दो ही चीजें शाश्वत हैं, अच्छाई और बुराई, जो कभी नहीं मरते हैं। उनका पुनर्जन्म होता रहता है। शरीर, आत्मा और समस्त जीवन महाकाल का बताया गया है। रवि किशन के एक किरदार को महादेव का अंश बताया गया है। टीजर में आगे दिखाया गया है कि एक पुलिस अधिकारी कहता है, 'यूपी में दो हफ्ते के अंदर कोई बड़ा अटैक प्लान किया जा रहा है।' बाद में रवि किशन की एंट्री पुलिस अधिकारी के रूप में होती है।अभिनेता और सांसद रवि किशन खुद ही महादेव के भक्त हैं। वह कहते हैं, 'फिल्म 'महादेव का गोरखपुर' एक शानदार फिल्म बनी है।

लाइफ स्टाइल



### केल्विन का कलेक्शन

अमेरिका के फैशन डिजाइनर केल्विन क्लेन ने पिछले दिनों मुंबई कलेक्शन लॉन्च में धूम मचा दी। दिशा पटानी ने इनके सिग्नेचर लोगो ब्रैलेट और लाइट वॉश जींस की एक जोड़ी को मॉडल किया। इस कार्यक्रम में मोनिका डोगरा का लाइव संगीत भी शामिल था और इसमें रैचेल बायरोस, सोनालिका सहाय, प्रभ उप्पल और रबने जामसंडेकर सहित फैशन स्टाइलिस्ट, मॉडल और प्रभावशाली लोगों ने भाग लिया। केल्विन क्लेन के कलेक्शन को यहां खूब सराहा गया।

## चेहरे को चमकाएंगे अनार से बने ये फेस पैक, जानें बनाने का तरीका



घर पर ही अनार का फेसपैक बना कर दमकती त्वचा पा सकते हैं। इसके लिए अनार और पपीते का पेस्ट बनाकर इसे चेहरे पर आधे घंटे के लिए लगाएं। इसके बाद इसे सादे पानी से धो लें। हफ्ते में दो बार इस पैक को लगाने से आपके चेहरे के दाग-धब्बे दूर हो जाएंगे। इससे आपकी स्किन खिली-खिली भी रहेगी। अक्सर लोग मुल्तानी मिट्टी का इस्तेमाल क्लींजर की तरह करते हैं। ऐसे में आप अनार के साथ इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके इस्तेमाल के लिए अनार के रस में एक घंटे के मुल्तानी मिट्टी को भिगो कर रख दें। जब ये फूल जाए तो थोड़ा सा रस और मिलाकर इस पैक को चेहरे पर लगाएं। आधे घंटे के बाद चेहरे को धो दें। इस पैक को बनाने के लिए आपको एक चम्मच एलोवेरा जेल में एक चम्मच कॉफी पाउडर और अनार का रस मिलाना है। इसके बाद इसमें थोड़ा सा शहद मिलाकर इसे अच्छे से मिक्स करें। कुछ समय के लिए इस पैक को चेहरे पर लगाएं और फिर चेहरा धो दें। इससे आपका चेहरा खिल उठेगा। वैसे तो एवोकाडो काफी महंगा आता है, लेकिन अगर दमकती त्वचा पाना चाहते हैं, तो इसका इस्तेमाल अवश्य करें ।इसके लिए आपको बस एवोकाडो को मैश करके इसमें अनार का पेस्ट अच्छे से मिलाना है। इसे अपने चेहरे पर लगाकर आप ग्लोइंग त्वचा पा सकते हैं।

## पैरों की ड्राईनेस को कम करेगा कच्चा दूध, जानें कैसे?



पैरों की देखभाल करने के लिए आप बाहरी क्रीम की जगह घरेलू चीजों का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके लिए आप हफ्ते में 2 बार तक पेडीक्योर कर सकती हैं। ड्राईनेस बढ़ने के कारण पैरों की त्वचा में मॉइस्चर खत्म होने लगता है और ऐसा सर्दी के मौसम में ज्यादातर देखा जाता है। इसके लिए आप घरेलू चीजों जैसे कच्चे दूध का इस्तेमाल कर सकती हैं और अपने पैरों की ड्राईनेस को कम कर सही तरीके से पोषण दे सकती हैं। कच्चा दूध त्वचा को मुलायम बनाने में मदद करता है। ऐसा इसलिए क्योंकि इसमें भरपूर मात्रा में विटामिन-ए होता है। कच्चा दूध त्वचा को नमी देने का काम भी करता है। इसके अलावा त्वचा को मॉइस्चराइज रखने में मदद करता है। नैचुरली एक्सफोलिएट करने के लिए शहद बेहद फायदेमंद होता है। त्वचा को मुलायम रखने में शहद बेहद मददगार साबित होता है। इसके अलावा यह स्किन को मॉइस्चराइज करने के लिए मदद करता है। पैरों की देखभाल करने के लिए सबसे पहले एक बाउल में 4 चम्मच शहद की डालें। इसमें 3 चम्मच कच्चे दूध की मिलाएं। इन दोनों को अच्छी तरह से मिलाकर पैरों की त्वचा पर लगा लें। पैरों की त्वचा पर कम से कम 30 मिनट तक इसे लगा रहने दें।

## नॉर्मल तरीके से साड़ी पहनकर हो गई हैं बोर तो इन टिप्स को करें ट्राई

फैशन





साड़ी स्टाइल करना अगर आपको पसंद है तो इसके लिए आपको अलग-अलग तरीके भी ट्राई करने चाहिए। इससे आपका साड़ी लुक अच्छा लगेगा साथ ही आपको कुछ नए तरीके से साड़ी स्टाइल करने का मौका मिलेगा। इसके लिए जरूरी है कि आप सही ट्रिक्स को अपनाएं। इससे साड़ी अच्छे से बंधेगी साथ ही आप सुंदर लगेगी।

### लहंगा स्टाइल साड़ी

आप साड़ी को सिंपल तरीके से पहनने की बजाएं अलग तरीके से भी ड्रेप कर सकती हैं। लहंगा स्टाइल आजकल काफी ट्रेंड में है और अच्छा भी लगता है इस तरीके से साड़ी पहनने के लिए पहले आपको साड़ी में प्लीट्स बनानी होगी और उसे कमर पर अटैच करना होगा। इसके बाद मैचिंग दुपट्टे को पिन करना होगा। इससे आपकी साड़ी बिल्कुल लहंगे स्टाइल में बंध जाएगी।

### बेल्ट के साथ साड़ी करें स्टाइल

अगर आपको लगता है कि साड़ी में आपकी बेली अच्छी नजर नहीं आ रही है तो ऐसे में आपको जरूरत है बेल्ट (ट्रेडिशनल लुक) की इसे साड़ी के ऊपर स्टाइल करके आप अपने साड़ी लुक को और अच्छा बना सकती हैं। इसके लिए आपको सबसे पहले साड़ी को उसी तरीके से बांधना है जैसे बांधती हैं फिर इसमें बेल्ट को अटैच करना है। इसके बाद कुछ एक्सेसरीज एड करनी है।

### स्कर्ट स्टाइल साड़ी करें ड्रेप

अगर आपको साड़ी को अलग तरीके से ड्रेप करना है तो इसके लिए आप स्कर्ट स्टाइल से भी साड़ी को वियर कर (स्लिम लुक के लिए साड़ी स्टाइल टिप्स) सकती हैं। इससे भी वो काफी अच्छी लगेगी। इसके लिए आपको साड़ी में आगे की तरफ प्लीट्स बनानी है और पिन की मदद से सेट करनी है। फिर साड़ी का मैचिंग दुपट्टा लेना है इसे या तो आप हाथों में ले सकती हैं वरना आप चाहे तो दुपट्टे की तरह पिन कर सकती हैं।

इन टिप्स की मदद से आप भी साड़ी स्टाइल करेंगी तो और भी ज्यादा सुंदर नजर आएगी।

## पंजाबी सूट में जान डालेंगे दुपट्टे के ये डिजाइंस



पंजाबी स्टाइल सूट के साथ में अक्सर हम हैवी दुपट्टे को स्टाइल करते हैं और इसके लिए डिजाइन भी ट्रेडिशन के हिसाब से ही चुनते हैं। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं पंजाबी स्टाइल सूट लुक में जान डालने के लिए सलवार-सूट के लेटेस्ट डिजाइंस और बताएंगे इन्हें स्टाइल करने के आसान टिप्स ताकि आपका लोहड़ी लुक नजर आए सबसे खूबसूरत।

### गोटा-पट्टी वर्क दुपट्टा डिजाइन

आजकल गोटा-पत्ती डिजाइन काफी चलन में नजर आ रहा है। वहीं इसमें आप खुद प्लेन दुपट्टे का फैब्रिक खरीदकर अलग से गोटा-पत्ती लेस का इस्तेमाल कर सकती हैं। इस तरह की गोटा-पट्टी लेस आप चाहे तो सूट पर भी लगवा सकती हैं। दुपट्टे की लेंथ चुनने के लिए आप अपनी हाइट का खासतौर से ख्याल रखें।

### फुलकारी दुपट्टा डिजाइन

पंजाबी स्टाइलिंग में सबसे ज्यादा फुलकारी दुपट्टे को स्टाइल किया जाता है। वहीं इसे बनाने के लिए मल्टी-शेड्स के धागों का इस्तेमाल किया जाता है। इसे तरह के दुपट्टे को आप ब्राइट कलर कॉम्बिनेशन के सूट के साथ पहन सकती हैं। साथ ही दुपट्टे में कलरफुल पोम-पोम वाली लटकन भी लगवा सकती हैं।

### वेलवेट दुपट्टा डिजाइन

लोहड़ी का त्योहार सर्दी के मौसम में आता है। ठंड से बचने के साथ-साथ अगर आप स्टाइलिश लुक भी पाना चाहती हैं तो इस तरीके से वेलवेट के दुपट्टे को चुन सकती हैं। इस तरीके का दुपट्टा आप लेस की सहायता लेकर खुद से कस्टमाइज भी करवा सकती हैं।

इसे आप अपनी मर्जी के सूट लुक के साथ पहनें।

## 'मैन बन' है आपका स्टाइल तो टिप्स आपको बनाएंगे और भी स्टाइलिश

'पुरुषों को बाल छोटे रखने चाहिए' अक्सर यही सुनने को मिलता है और लंबे बाल वाले पुरुषों को इसके चलते दिक्कत भी खूब होती है। लेकिन इसके बाद भी बड़े बाल रखने वाले कई पुरुष हैं। ये वो पुरुष हैं जो लंबे बाल तो रखते ही हैं बन भी बनाते हैं। लेकिन बन सारे पुरुषों पर अच्छा ही लगे ये जरूरी तो नहीं। मगर कुछ खास टिप्स के साथ बन पुरुषों पर अच्छा लगता ही है। ये टिप्स मैन बन को आपके लुक में ऐसा शामिल कराएंगे कि आप इन्हें आसानी से स्टाइल करेंगे और लोगों की तारीफ़ भी सुनेंगे।



### 'मैन बन' बनाने के आसान टिप्स

'मैन बन' यानी पुरुषों के लंबे बालों पर सजा बन। अगर ये स्टाइल रखने से आप अभी तक पीछे हट रहे थे तो अब आप इन स्टाइल को खास टिप्स के साथ आजमा सकते हैं-

### कैसे-कैसे 'मैन बन'

बालों का जूड़ा स्टाइल ही 'मैन बन' है लेकिन ये भी कई तरीके के होते हैं जैसे जब बन सिर पर बहुत ऊंचाई पर बनाया गया होता है तो उसे टॉपनॉट कहते हैं। लेकिन जब बन बेहद ढीला बंधा होता है तो उसे फुल बन कहते हैं। जब पुरुष मैन बन बनाने की कोशिश करते हैं तो उन्हें सिर्फ योंहीं बाल पकड़ कर बन बनाने की जरूरत नहीं है बल्कि वे कई तरह के स्टाइल बना सकते हैं।

### हाफ अप

जैसा कि नाम से ही पता चल रहा है। इसमें सिर्फ आधे बालों से ही बन बनाया जाता है। ये उन पुरुषों के लिए सही है जिनके बाल सच में लंबे हैं। मतलब बाल पुरुषों के कंधों से भी नीचे हैं तब ही हाफ अप बन अच्छा लगता है।

### लो बन

ये बन सिर में पीछे की ओर बनाया जाता है। इसमें बन सिर के क्राउन पर नहीं बनता है। नाम के मुताबिक इसे बिलकुल सिर के पीछे नीचे की ओर बनया जाता है।

### फेड के साथ मैन बन

इसमें सिर में ऊपर के बाल का बन बनाया जाता है। सिर्फ में नीचे के सारे बाल चोट कर दिए जाते हैं। ये बड़े बालों से बिलकुल अलग हो जाते हैं।

कार्नर न्यूज

### सेलिब्रिटी अपने फैशन को लेकर रहते हैं निशाने पर

## किसी ने 'कंकाल ड्रेस'तो किसी ने पहनी जली-फटी अटपटे फैशन के कारण ट्रोल हुए स्टाइलिश एक्टर्स

*सेलिब्रिटी फैशन लोगों को खूब पसंद आते हैं। हम लोग भी खुद को स्टाइलिश बनाने के लिए इनके स्टाइल को फॉलो करते हैं। लेकिन कई बार उनके द्वारा पहनी गई ड्रेस ट्रोलर्स के निशाने पर आ जाती हैं। इस कारण उनको न जाने क्या-क्या सुनना पड़ता है। आज हम उन्हीं फैशन-स्टाइल के बारे में बात करेंगे। ये सेलिब्रिटी ड्रेस वायरल भी खूब हुई। इस लिस्ट में रणवीर सिंह जैसे अतरंगी फैशन करने वाले एक्टर के अलावा अक्षय कुमार जैसे हीरो भी हैं। इन्होंने अजब-गजब ड्रेस पहनी, जो बहुत कम लोगों को पसंद आई।*

*फटी-जली शर्ट में अक्षय कुमार अक्षय कुमार अधिकतर परफेक्ट ड्रेस पहने दिखाई देते हैं। अक्षय को क्लासी लुक के लिए जाना जाता है। मगर एक बार उन्होंने ऐसी ड्रेस पहनी कि उनके फैंस देखकर हैरान हो गए।*



### फटी-जली शर्ट में अक्षय कुमार

अक्षय कुमार अधिकतर परफेक्ट ड्रेस पहने दिखाई देते हैं। अक्षय को क्लासी लुक के लिए जाना जाता है। मगर एक बार उन्होंने ऐसी ड्रेस पहनी कि उनके फैंस देखकर हैरान हो गए। इसके बाद सोशल मीडिया पर उनकी ड्रेस को लेकर कॉमेंट होने लगे।'कपड़े तो पहना देता अक्षय जी को' इस तरह के कॉमेंट सुनने को मिले।

### करण जौहर कंकाल वाली ड्रेस में

फिल्म निर्माता और निर्देशक करण जौहर अपने अतरंगी फैशन के लिए जाने जाते हैं। अक्सर ट्रोल करने वाले उनका ऐसी ड्रेस में इंतजार करते हैं। हालांकि, करण के लिए ये कोई नया काम नहीं है। वह अधिकतर बार अपनी ड्रेस के कारण कॉमेंट सुनते रहते हैं।

### अपारशक्ति खुराना का हैरी स्टाइल

एक्टर अपारशक्ति खुराना अपने फैशन सेंस के कारण चर्चा में रहते हैं। उन्होंने एक बार ऐसा टॉपवियर पहना जिसके बाद लोग उनसे पूछने लगे- भाई कब से रणवीर सिंह को फॉलो कर रहे हो, भाई हैरी को कॉपी कर रहे हो? इस तरह की बातों ने अपारशक्ति के ड्रेस को वायरल कर दिया। इसके अलावा एक बार अपारशक्ति खुराना ने जानबूझकर टैग लगी ड्रेस पहन ली।

### दिलजीत की मीडिया प्रिंट वाली शर्ट

गायक और एक्टर दिलजीत दोसांझ का फैशन भी कमाल का होता है। उनकी बोल्ड एंड कलरफुल ड्रेस की तारीफ होती है। मगर एक बार दिलजीत ने ऐसी प्रिंटेड शर्ट पहनी कि उसको लेकर उन्हें ट्रोल किया जाने लगा। उनकी शर्ट पर कई मीडिया हाउस के लोगो प्रिंट किए हुए थे।

### रणवीर सिंह की दीपिका वाली ड्रेस

रणवीर सिंह का फैशन ऐसा है कि अगर वह सिंपल दिखने लगें तो यूजर्स उनका हालचाल पूछने लगते हैं। मगर शादी के बाद रणवीर और भी अलग-अलग तरह के लुक में दिखने लगे। एक के बाद एक अजब-गजब ड्रेस पहने दिखे। एक बार रणवीर ने ऐसी ड्रेस पहनी कि लोग पूछने लगे- दीपिका पादुकोण की ड्रेस पहनकर निकल गए क्या? क्योंकि यूजर्स को ऐसा लगा कि रणवीर ने लड़कियों वाली ड्रेस पहन ली है। उनको इस ड्रेस के कारण बहुत कुछ सुनना पड़ा था।



## खबर संक्षेप



### छात्र लगातार अभ्यास से उत्कृष्ट परिणाम लाए : मनोज साहू

**रामानुजनगर।** विकासखंड रामानुजनगर स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परशुरामपुर में सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनोज साहू द्वारा सभी स्टाफ का बैठक ली। उन्होंने बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी का आवश्यक टिप्स एवं तेजस्वी के अनुसार काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा यदि आवश्यक हो तो एक्स्ट्रा क्लास ले। श्री साहू ने 10 वीं एवं 12 वीं के छात्रो का मोटिवेशनल क्लास लेते हुए कहा कि सभी छात्र अपनी क्षमता को पहचाने और लगातार अभ्यास करें, आत्मविश्वास के साथ कठोर परिश्रम करें जिससे उत्कृष्ट परिणाम आएगा। उन्होंने ग्राम आमगांव के कुमारी आकांक्षा सिंह नेताम का उदाहरण दिया और बताया कि आकांक्षा आप जैसे ही छात्रों में एक रही, अपनी मेहनत के बल पर प्रथम प्रयास में सिविल जज का परीक्षा उत्तीर्ण कर सिविल जज बनी है। इस अवसर पर प्राचार्य सहित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परशुरामपुर की सभी शिक्षक, स्टाफ एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### संकुल स्तरीय अंगना में शिक्षा प्रशिक्षण में शामिल हुए शिक्षक



**रामानुजनगर।** बीआरसी प्रशिक्षण कक्ष रामानुजनगर में संकुल केंद्र पिवरी कौशलपुर, छिंदिया के प्राथमिक शाला के शिक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। अंगना में शिक्षा कार्यक्रम के माध्यम से शिक्षक शालाओं में अध्ययनरत छात्र छात्राओं की माताओं को विद्यालय एवं शिक्षा से जोड़ने का कार्य करते हैं जिसके फलस्वरूप माताएं अपने बच्चों को घरों में उपलब्ध सामग्रियों एवं छोटे छोटे गतिविधियों के माध्यम से सीखने सिखाने की प्रक्रिया में सहयोग प्रदान करती है। अंगना म शिक्षा कार्यक्रम की शुरुआत वैश्विक महामारी कोरोना के समय प्रारंभ हुई थी। महामारी के विषम परिस्थिति में छात्रों की शिक्षा पूरी तरह ठप हो गई थी जिस कारण शिक्षा का स्तर में गिरावट आ गई। शिक्षा सुधार लाने के उद्देश से माताओं को प्रत्यक्ष रूप से विद्यालय से जोड़कर अंगना म शिक्षा कार्यक्रम के माध्यम से कार्य किया गया। अंगना में शिक्षा प्रशिक्षण में चारो संकुल से प्रत्येक शाला से एक शिक्षक प्रतिभागी के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त किए। प्रशिक्षण में बीआरसीसी हजारी लाल चक्रधारी ने सभी से अनुरोध किया की सभी प्रशिक्षण का लाभ उपयोग शाला में करे एवं बच्चों को खेलकूद के माध्यम से शिक्षा दे । प्राथमिक के बच्चे ही आने वाले कल के भविष्य है । संकुल प्राचार्य पिवरी छिंदिया पीसी सोनी ने सभी को समय पर शाला में उपस्थित होने एवं अपने दायित्वों का शत प्रतिशत निर्वहन करने की बात कही। मास्टर ट्रेनर श्रीमती गुड्डी, धनेश्वरी राजवाड़े, हेमलता चंद्रा,उर्सला लकड़ा ने प्रशिक्षण दिया। इस दौरान संकुल समन्वयक उत्तम सिंह,जयप्रकाश बरेठा, विनय चौरसिया, मनोज प्रजापति एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

### मकर संक्रांति पर किया गया प्रसाद व कंबल का वितरण



**राजपुर।** मकर संक्रांति के अवसर पर स्व. कांता देवी की स्मृति में जोगीराम अग्रवाल परिवार द्वारा कम्बल वितरण किया गयं। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों को कम्बल का वितरण किया गया वहीं लोगों को प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान नरेश अग्रवाल, महेंद्र अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल, सुशीला देवी, पूजा अग्रवाल, मीना अग्रवाल, चंचल अग्रवाल, कान्हा, आयुष और ऋषभ, महेंद्र गुप्ता व बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद थे।

### बैटरी खराब होने के कारण नहीं हो रहा उपयोग

# हाथियों के प्रबंध के लिए खरीदे गए लाखों के रेडियो कॉलर अनुपयोगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

हाथियों के भ्रमण की जानकारी जुटाने के लिए वन विभाग द्वारा खरीदा गया लाखों रूपए का रेडियो कॉलर अब अनुपयोगी हो गया है तथा वर्षों से विभाग के गोदाम की शोभा बढ़ा रहा है। आफ्रीका के केन्या से खरीदे गए इस रेडियो कॉलर की बैटरी खत्म हो गई है। बैटरी रेडियो कॉलर निर्माता विदेशी कंपनी उपलब्ध नहीं होने के कारण विभाग अब इसकी उपयोगिता पर ध्यान नहीं दे रहा है।

**खास बात**

- दस दलों में रेडियो कॉलर लगाने का लिया गया था निर्णय

सरगुजा के रास्ते छत्तीसगढ़ को अपना स्थायी रहवास बना चुके हाथियों के नियंत्रण के लिए वन विभाग पिछले 33 वर्षों से लगातार प्रयोग कर रहा है लेकिन अब तक किसी भी प्रयोग में सफलता नहीं मिल सकी है। हाथियों के प्रबंधन के लिए कोई स्पष्ट नीति नहीं होने के कारण हर साल प्रदेश सरकार एवं क्षेत्रवासियों को करोड़ों रूपए की क्षति हो रही है। वन विभाग ने छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में भ्रमण कर रहे हाथियों की पहचान उनके स्वभाव का अध्ययन करने एवं हाथियों के प्रबंधन के लिए आवश्यक संसाधन जुटाने के उद्देश से वर्ष 2018 में भारतीय वन्य जीव संस्थान डब्लूआईआई एवं एसओएस वाइल्ड लाइफ से अनुबंध किया था। संस्थान को सरगुजा में सक्रिय हाथियों के प्रबंधन योजना की जिम्मेदारी सौंपा था। इस दौरान हाथियों के विभिन्न खतरनाक दलों के मुखिया दंतैल को रेडियो कॉलर लगाने का निर्णय लिया गया था। वन्य जीव संस्थान ने आफ्रीका की एक कंपनी से रेडियो कॉलर खरीदा था। कड़ी मशक्कत के बाद संस्थान के वैज्ञानिक विभाग के चिकित्सकों की मदद से कुल 6 दलों के मुखिया हाथियों एवं अकेले घूम रहे दंतैल बहेरादेव को रेडियों कॉलर लगा पाए थे। रेडियो कॉलर के माध्यम से हाथियों के भ्रमण क्षेत्र, रहवास काल एवं क्षति का अध्ययन चल ही रहा था कि 6 महीने के भीतर ही हाथियों के गले में लगा रेडियों कॉलर बारी-बारी से निकलकर गिरने लगा। कोरोना के बाद मिले एक्सटेंशन अवधि में संस्थान के वैज्ञानिकों ने कुछ हाथियों को दोबारा रेडियों कॉलर लगाने की खानापूर्ति की लेकिन एक महीने बाद ही रेडियो कॉलर निकलकर गिर गए वहीं कुछ हाथियों के गले में एक-डेढ़ साल तक टिका रहा। दोबारा गिरने के बाद रेडियों कॉलर विभाग के गोदाम की शोभा बढ़ा रहा है। बैटरी का कार्यकाल 3 से 5 साल होने के कारण अब रेडियो कॉलर अनुपयोगी हो गया है। वन्यजीव संस्थान का अनुबंध समाप्त होने के बाद विभाग ने रेडियों कॉलर की बैटरी खरीदने की कोई पहल नहीं की है। भविष्य में भी इसका उपयोग किया जाएगा या नहीं इस संबंध में अब तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है।



#### मिलती थी हर गतिविधि की जानकारी

रेडियों कॉलर से विभाग को सेटेलाइट के माध्यम से हर गतिविधि की जानकारी मिलती थी। सूचना पर विभाग का मैदानी अमला तत्काल हाथियों के प्रबंधन में जुट जाता था। समय पर हाथियों के मौजूदगी की सूचना मिलने के कारण प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीण भी सतर्क हो जाते थे। अब हाथियों के मौजूदगी का पता लगाने के लिए विभाग के पास कोई अत्याधुनिक साधन उपलब्ध नहीं है तथा विभाग इसके लिए पूरी तरह क्षेत्र के ग्रामीणों व मैदानी अमले पर निर्भर हो गया है। सूचना के अभाव में वन अमले को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है वहीं हाथियों की क्षति में भी काफी वृद्धि हुई है।

#### लगातार बढ़ रही संख्या

सुरक्षित रहवास की खोज में पहली बार 1989 में सरगुजा पहुंचे हाथियों ने अब छत्तीसगढ़ के जंगलो को अपना स्थाई रहवास बना लिया है। हाथियों का दल अभी भी बीच-बीच में अपने मूल रहवास क्षेत्र उड़ीसा एवं झारखण्ड के भ्रमण पर जाता है लेकिन वहां टिकता नहीं है। छत्तीसगढ़ के सुरक्षित वनों में अनुकूल वातावरण में हाथियों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। प्रारम्भ में सरगुजा के वनों को अपना ठिकाना बनाने वाले हाथी अब पूरे छत्तीसगढ़ में फैल गए हैं तथा हाथियों के अब अन्यत्र आने की संभावना भी नहीं है। छत्तीसगढ़ पहुंचने के बाद हाथियों की जीवन चर्या एवं खानपान में बड़ा बदलाव आया है तथा हाथी लगातार खाद्यान्न की खोज में आबादी क्षेत्र के निकट पहुंच रहे हैं। वनो में मानवीय दलख बढ़ने एवं पसंद का चारा उपलब्ध नहीं होने के कारण हाथियों की तबाही बढ़ गई है। प्रारम्भ में 18 हाथियों से शुरू हुई आवाजाही अब 297 पहुंच गई है।

#### लगातार बढ़ रहा द्वंद

हाथियों से हर साल करोड़ों रूपए की क्षति हो रही है। हाथी लगातार आबादी क्षेत्र में घुसकर घरों में तोड़फोड़ करने के साथ ही लगातार जनहानि कर रहे है। हाथी धान, गन्ना सहित अन्य फसलों को तबाह कर रहे हैं। विभाग प्रभावित ग्रामीणों को आपदा प्रबंधन के तहत क्षतिपूर्ति के रूप में आर्थिक अनुदान भी दे रहा है लेकिन क्षति की वास्तविक कीमत नहीं मिलने से क्षेत्रवासी असंतुष्ट हैं। यही कारण है कि मानव-हाथी द्वंद की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं तथा मानव-हाथी दोनों को इसकी कीमत चुकानी पड़ रही है।

#### हर साल करोड़ों की क्षति

हाथियों से हर साल करोड़ों रूपए की क्षति हो रही है। इस बार विभाग ने तमोर पिंगला अभ्यारण्य में हाथियों के लिए चारागाह विकसित किया था जिसके कारण लगभग 8 महीने तक विभिन्न दलों के 60 से अधिक हाथी अभ्यारण्यस से बाहर नहीं निकले। हाथियों के लगातार जंगल में रहने के कारण पिछलें वर्षों की तुलना में इस साल कम क्षति हुई । अप्रेल से नवम्बर 2023 तक विभाग ने अकेले सरगुजा वनमण्डल में हाथियों द्वारा की गई जनहानि सहित अन्य सम्पत्ति क्षति के मुआवजा के रूप में 6 करोड़ 3 लाख 41 हजार रूपए का भुगतान किया है। पिछले 8 महीनों में हाथियों ने 3731.568 हे. की फसल क्षति की जिसके एवज में विभाग ने 2 करोड़ 98 लाख का भुगतान किया। हाथियों द्वारा की गई पशुहानि के 20 प्रकरणों में 2 लाख 57 हजार, जनघायल के 11 प्रकरणों में 3 लाख 99 हजार, जनहानि के 25 प्रकरणों में 1 करोड़ 51 लाख 50 हजार, मकान क्षति के 736 प्रकरणों में 1 करोड़ 26 लाख एवं अन्य क्षति के 396 प्रकरणों में 21 लाख 61 हजार का भुगतान किया गया है। 2014 के बाद अब तक 20 से अधिक हाथियों की भी मौत हुई है।

#### हर संसाधन करेंगे उपयोग

हाथियों के प्रबंधन एवं क्षति को कम करने के उद्देश्य से विभाग के पास उपलब्ध हर संसाधन का क्षमता के अनुसार उपयोग किया जाएगा। रेडियो कॉलर की बैटरी उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक पहल की जाएगी

-नावीद सुजाद्दीन
सीसीएफ, सरगुजा



### कांग्रेस ने रोक कर रखा था आवास, विष्णु सरकार ने गठन के साथ दी स्वीकृति : उद्धेश्वरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

शनिवार को विकासखंड के ग्राम नवकी में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सामरी विधायक श्रीमती उद्धेश्वरी पैकरा शामिल हुई। विधायक ने श्रीमती पैकरा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किला से उद्बोधन कर कहा था कि हर घर में शौचालय, उज्वला, आवास योजना के तहत सभी को लाभ दिया जायेगा। पीएम श्री मोदी हर घर में पानी पहुंचाने का काम कर रहे है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि हितग्राहियों को शासन की सभी योजनाओं का लाभ दिलाया जाए। श्रीमती पैकरा ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस की पिछली सरकार ने सभी का आवास को रोकर रखा था इसके लिए भाजपा ने विधानसभा का घेराव भी किया था। भाजपा की सरकार बनते ही मुख्यमंत्री विष्णु देव ने शपथ लेने के दूसरे दिन ही 18 लाख लोगों को आवास देने की काम किया है। राजपुर मंडल अध्यक्ष अनिल दुबे ने कहा कि महतारीं वंदन योजना के तहत फरवरी माह से सभी महिलाओं के खाता में पैसा पहुंचेगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा 14 नवम्बर से प्रारंभ कर 26 जनवरी तक किया जायेगा। रेंजर महाजन लाल साहू ने बताया की वन विभाग की ओर से लगातार तेंदू पत्ता में 500 का गड्डी तोड़ने पर सभी को योजनाओं का लाभ मिलेगा। ग्राम नवकी के बीरा साय ने 140 लोगो का पट्टा नही मिलने पर विधायक से शिकायत किया है। कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री संजय सिंह, भाजपा,संतोष पांडेय, तेज कुमार सांडिल्य, गौरी शंकर नेताम, रवि प्रताप मरावी, बबलू यादव, रामधारी रजक, अनवर अंसारी व सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

- विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुई विधायक



### विकसित भारत संकल्प शिविर में शामिल हुए विधायक

**सीतापुर।** शनिवार को शनिवार को जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत बमलाया आमाटोली भंवराडांड में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में विधायक रामकुमार टोप्पो शामिल हुए। विधायक ने उपस्थित नागरिकों को ज्यादा से ज्यादा योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की जनता के लिए बहुत सारी जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर रहे। जिसके तहत प्रधानमंत्री आवास योजना उज्वला योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, विश्वकर्मा योजना, जनधन योजना, आयुष्मान कार्ड योजना समेत कई योजनाएं है। केंद्र सरकार द्वारा संचालित इन योजनाओं से जनता लाभान्वित भी हो रही है। विधायक ने कहा कि देश की जनता को सभी योजनाओं की जानकारी देने केंद्र सरकार द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया है। जिसके माध्यम से ग्राम पंचायत में शिविर आयोजित कर इसकी जानकारी दी जा रही है। शिविर में स्कूली बच्चों एवं ग्रामीण कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक पीडी टांडिया, अनिता तिवारी, कृपाशंकर गुप्ता ने किया। इस अवसर पर राजकुमार अग्रवाल, राजकुमार गुप्ता, अनिल गुप्ता, किशन उपाध्याय, संकेत गुप्ता, रवि भोय, सरपंच मगंती ऊंजन, उपसरपंच वर्षा पड़वार, सरपंच राजेश पैंकरा समेत अन्य मौजूद थे।

### रकसगंडा में लगा मेला, रेड़ नदी में श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**बिहारपुर।** परंपरानुसार रविवार को रकसगंडा जलप्रपात क पास रेड़ नदी तट पर रविवार को दो दिवसीय मकर संक्रांति की शुरूआत की गई। इस अवसर पर मकर संक्रांति के एक दिन पूर्व ही लोगों की भीड़ उमड़ रही है। आस पड़ोस के जिलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं साधु-संत पहुंचे हैं नदी में आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। वर्षों से लोग 14 व 15 जनवरी को मकर संक्रांति मनाते है। बड़ी संख्या में लोगों ने एक दिन पूर्व शनिवार को नदी में स्नान किया। कोरोना महामारी के दौरान प्रतिबंध होने के कारण दो वर्ष मकर संक्रांति मेला नहीं लग सका। कोरोना प्रतिबंध हटने के बाद पूर्व की भांति मेले की रौनक बढ़ गई है। मेले में नदी के संगमस्थल स्थित मैदान में सामग्रियों की दुकानों के साथ मनोरंजन के लिए सर्कस , छोटे - बड़े झूले सजाए गए हैं। मकर संक्रांति का मुहूर्त सुबह तड़के होने के कारण दूर- दूर के श्रद्धालु एक दिन पूर्व पहुंच गए है। पुलिस व प्रशासन द्वारा मेला स्थल पर सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। दुर्घटना की आशंका को देखते हुए घाटों पर विशेष सुरक्षा बरती जा रही है तथा रस्सी जली एवं संकेतक लगाए गए हैं। पूजन और स्नान के लिए अलग-अलग स्थान निर्धारित किए गए हैं। घाट पर चांदनी, मोहरसोप के पुलिसकर्मी व गोताखोर तैनात किए गए है। लोगों की सहायता के लिए प्रशासन द्वारा कैंप लगाया गया है।



### रोमांचक मुकाबला में मूंडगांव सलका की टीम ने मारी बाजी

**उदयपुर।** विकासखंड उदयपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत झिरमित्ती में फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच खेला गया जिसमें रोमांचक मुकाबले में मुंडगांव सलका की टीम ने बाजी मारी। फाइनल का मुकाबला मुड़गांव और शिवपुर के मध्य खेला गया जिसमें अंतिम क्षणों में मुड़गांव की टीम एक गोल मारकर विजयी रहा। विजेता टीम को मुख्य अतिथि भाजपा नेता सौरभ अग्रवाल द्वारा शील्ड व 12 हजार रूपए व उपविजेता टीम को 8 हजार व शील्ड देकर सम्मानित किया गया। टूर्नामेंट 24 दिसंबर से खेला जा रहा था। वरिष्ट अथिति भाजपा मंडल उपाध्यक्ष दीपक सिंघल, युवा मोर्चा जिला मंत्री हर्षवर्धन पांडेय, पूर्व सरपंच जीतम सिंह, शिव मिश्रा, रामजीत सिंह, सावन अग्रवाल, मोती तिग्गा, संजय, बजरंगी, लवकेश राजवाड़े, कमलाकांत यादव, अभय वर्मा, राकेश पूरी, गोलू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहें।



## सबस्टेशन से केबल व एमसीबी चोरी मामले में शातिर कबाड़ी सहित चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर के स्नेह मिलन के पीछे स्टेडियम मार्ग पर स्थित जीपी सबस्टेशन से शनिवार की प्रातः हुए केबल व एमसीबी चोरी मामले में बिश्रामपुर पुलिस ने ईतवारी बाजार निवासी शातिर व आदतन कबाड़ी गुलाम अहमद उर्फ गुड्डा व घटना में शामिल एक विधि से संघर्षरत बालक व दो अन्य कुल चार युवकों को गिरफ्तार कर रविवार को न्यायालय पेश किया है। पुलिस ने बताया कि शनिवार के सुबह तड़के तीन बजे भोर में अज्ञात लोगों द्वारा जीपी सब स्टेशन में प्रवेश कर ट्रांसफार्मर में लगा केबल को काटते हुए एमसीबी व केबल को चोरी कर साथ ले गये।घटना के बाद कॉलोनी की पावर सप्लाई बाधित होने के बाद दूसरे दिन मामले की रिपोर्ट सबस्टेशन इंचार्ज उपप्रबंधक धड़कन पांडेय ने थाने में दर्ज कराई थी ।रिपोर्ट पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धारा 457,380 आईपीसी का अपराध दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुटी थी। इसी बीच पुलिस ने शंका के आधार पर कबाड़ियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की, इस दौरान पता चला कि ईतवारी बाजार में कबाड़ का व्यवसाय करने वाला गुड्डा कबाड़ी के पास कुछ युवकों ने तांबा को विक्रय किया है,जिस पर पुलिस ने गुड्डा कबाड़ी को तलब कर सख्ती से पूछताछ किया जिस पर उसने तांबा खरीदना स्वीकार किया।पुलिस ने पूछताछ के आधार पर चोरी के मामले में शामिल शिवनंदनपुर निवासी राहुल साहनी आत्मज सुशील साहनी 19 वर्ष, मुन्ना पैकरा आत्मज झंदरू पैकरा 20 वर्ष सहित एक अन्य अपचारी बालक को हिरासत में लिया और पूछताछ के बाद उसने भी वारदात में शामिल होने की बात स्वीकारी।पुलिस ने मामले में चोरी का सामान खरीदने वाले आरोपी गुलाम अहमद उर्फ गुड्डा आ वलीवुल हसन 64 वर्ष निवासी शांतिनगर के कब्जे से केबल को जलाकर निकाला गया 26 किलो तांबा, आरोपी राहुल साहनी आत्मज सुशील साहनी 19 वर्ष निवासी शिवनंदनपुर के कब्जे से केबल बिक्री की रकम 45 हजार व घटना में प्रयुक्त टीवीएस रेडान मोटरसाइकिल, एक अन्य आरोपी मुन्ना पैकरा आत्मज झंदरू पैकरा 20 वर्ष निवासी रेलवे स्टेशन के पीछे झोपड़पट्टी के कब्जे से से घटना में प्रयुक्त हेक्सा ब्लेड व अन्य अपचारी बालक से केबल के तीन टुकड़े बरामद किया है एवं सभी आरोपियों के खिलाफ मामले में धारा 457,380 के अतिरिक्त धारा 411,34 के तहत लोक संपत्ति नुक्सानी निवारण अधिनियम का मामला पंजीबद्ध कर सभी को न्यायालय पेश कर दिया है।





- केबल को जलाकर निकाला गया 26 किलो ताम्बा, टीवीएस मोटर साइकिल, हेक्सा ब्लेड व तीन टुकड़े केबल किया गया जब्त

### रोजगार सहायक पर कार्रवाई को लेकर लामबंद हुए ग्रामीण, जनपद सीईओ को सौंपा ज्ञापन

**प्रतापपुर।** ग्रामीण क्षेत्र के गरीबों के लिए शासन द्वारा कई अनेक कल्याणकारी योजना चलाई जा रहीं हैं। लेकिन इन योजनाओं को संचालित करने वाले कर्मचारियों द्वारा लापरवाही बरती जा रही है जिससे ग्रामीण योजनाओं के लाभ से वंचित हैं। कुछ इस तरह की स्थिति ग्राम पंचायत बोंगा की है जहां रोजगार सहायक की मनमानी के कारण गांव के लोग परेशान हैं। ग्रामीणों ने रोजगार सहायक को हटाने की मांग को लेकर जनपद सीईओ को ज्ञापन सौंपा। पिछले दिनों रोजगार सहायक को हटाने व दूसरा रोजगार सहायक नियुक्ति करने के लिए ग्राम सभा में निर्णय लिया था। ग्राम सभा अध्यक्ष, सचिव एवं स्थानीय ग्रामीणों द्वारा एक आवेदन बनाकर प्रतापपुर विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते की अनुशंसा करा भाजपा मण्डल प्रतापपुर अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष मो. हेसाम अली की अगुवाई में जनपद सीईओ प्रतापपुर को ज्ञापन सौंपा है। बोंगा के ग्रामीणों ने बताया कि रोजगार सहायक के कार्यप्रणाली से हितग्राही परेशान हैं। रोजगार सहायक पंचायत में कभी नहीं आते सिर्फ मेट लोगों के भरोसे से सारे कार्य हो रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि रोजगार सहायक द्वारा फर्जी हाजिरी भरकर राशि गबन किया जा रहा है। ऐसे में अब गांव के लोग रोजगार सहायक पर कार्रवाई को लेकर लामबंद हो गए हैं। इस दौरान भाजपा मण्डल प्रतापपुर अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष मो. हेसाम अली, ग्राम सभा अध्यक्ष फुलकुंवर, वीरेंद्र मिश्रा, शांति, शीला, सुरेश, राजकुमार, नौशाद, रूपसाय, विजय पोर्ते, अर्जुन, संत कुमार, राममिलन, आलम खान, इकबाल, महावीर, अंजना सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।












